# University in News on 08 November 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : विप्रो व हाइक कंपनी में छात्रों के लिए नौकरी के अवसर

## आवेदन के लिए शुरू हुए पंजीकरण, कल तक है मौका

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विप्रो और हाइक एजुकेशन कंपनियों में नौकरी के अवसर हैं। आवेदन की अंतिम तिथि नौ नवंबर है।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो में कस्टमर सर्विस रिप्रजेन्टेटिव पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं। 3.8 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में स्नातक पूरा कर रहे बीसीए, बीबीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम और बीएससी कोर्स के छात्र आवेदन कर सकेंगे। लिंक forms.gle/Ffrmxe8b6xxp2xLC6 पर पंजीकरण करना होगा।

डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि हाइक एजुकेशन कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद के लिए बीटेक, एमबीए व एमसीए के छात्र आवेदन कर सकते हैं। बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के लिए बीबीए, बीकॉम और बीसीए के छात्र अर्ह होंगे। चयनितों को 7.2 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज मिलेगा। आवेदन के लिए लिंक forms.gle/WG6qtfN3zFGLi8Ne6 पर पंजीकरण कर सकते है।

### इस माह लगेंगे 15 से अधिक रोजगार मेले

लखनऊ। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजधानी में इस माह नवंबर में 15 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। 26 नवंबर तक अलग-अलग ब्लॉकों में सुरक्षा गार्ड की भर्तियां होंगी। प्लेसमेंट अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि इन रोजगार मेलों की खास बात यह है कि ज्यादातर कंपनियां शहर के आसपास ही युवाओं को रोजगार देंगी। सिक्योरिटी कंपनियों में सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्तियां हो रही हैं। यहां चयन के बाद 15 हजार रुपये से अधिक वेतन मिलेगा। उन्होंने बताया कि मलिहाबाद ब्लॉक में आठ और नौ नवंबर को, बीकेटी में 12 और 13 नवंबर को जबकि काकोरी में 14 और 16 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसी तरह गोसाईंगंज में 18 और 19 नवंबर को, सरोजनीगर में 20 और 21 नवंबर को, मोहनलालगंज में 22 और 23 नवंबर को और माल ब्लॉक में 25 और 26 नवंबर को रोजगार मेले लगेंगे। यहां 10वीं पास युवा मेले में प्रतिभाग कर सकेंगे।

■ **गोमतीनगर में आज, लालबाग में कल लगेगा मेला :** गोमतीनगर स्थित सीबीआई कार्यालय के सामने शुक्रवार को जबकि लालबाग में शनिवार को रोजगार मेला लगेगा। यहां योग्यतानुसार, अलग-अलग कंपनियों में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसी तरह शिक्षण संस्थानों में भी रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। कार्यालय के अनुसार, इसका समय जल्द ही निर्धारित किया जाएगा। (संवाद)

## i-NEXT PAGE 4

# प्लेसमेंट के लिए आवेदन कल तक

**एलयू के स्टूडेंट्स को मिला जॉब का चांस**

LUCKNOW (7 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विप्रो और हाइक एजुकेशन कंपनी में प्लेसमेंट का मौका है. इनमें नौ नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं. यह जानकारी प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि विप्रो कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेन्टेटिव प्रोफाइल पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए वर्ष 2025 में ग्रेजुएट होने वाले बीसीए, बीबीए, बीकाम, बीए, बीएचएम और बीएससी (गणित आनर्स, सांख्यिकी आनर्स, अर्थशास्त्र आनर्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस, और बीएससी आइटी को छोड़कर) कोर्स के छात्र दिए गए लिंक (https://forms.gle/Ffrm3e8b633p23LC6) पर आवेदन कर सकते हैं. चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टाक, एचआर स्क्रीनिंग और वायस और एक्सेंट राउंड शामिल हैं.



### 7.02 लाख का पैकेज

हाइक एजुकेशन में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद के लिए बीटेक, एमबीए या एमसीए के छात्र एवं बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव पद के लिए बीबीए, बीकाम और बीसीए के छात्र 7.02 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए दिए गए लिंक पर जाकर https://forms.gle/WG6qtfN35FGLi8Ne6 आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने की अंतिम तिथि नौ नवंबर है.

### 16 तक जमा करें स्कॉलरशिप से संबंधित प्रपत्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के जिन स्टूडेंट्स ने 2023-24 में दशमोत्तर एवं शुल्क प्रति पूर्ति के लिए आवेदन किया था, लेकिन विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित नही हो पाए थे, उन्हें सत्र 2024-25 में इसके लिए नवीन आवेदन संबंधी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम प्रिंट आउट न निकलने पर नए रजिस्ट्रेशन संबंधित प्रपत्र की प्रति विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति अनुभाग में 16 नवंबर तक जमा करनी होगी, जिससे प्रिंट आउट निकलने की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को सूचित किया जा सके.

## HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू: हाइक एजुकेशन, विप्रो में नौकरी के आवेदन नौ तक

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के पास विप्रो और हाइक एजुकेशन कंपनियों में प्लेसमेंट का मौका है। इसके लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। प्लेसमेंट सेल की ओर से आवेदन के लिए लिंक जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी नौ नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेन्टेटिव प्रोफाइल पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए वर्ष 2025 में ग्रेजुएट होने वाले बीसीए, बीबीए, बी.कॉम, बीए, बीएचएम और बीएससी कोर्स के छात्र आवेदन कर सकते हैं। इसमें गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस और बीएससी आईटी के छात्र आवेदन नहीं कर सकते। चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, एचआर स्क्रीनिंग, वॉयस और एक्सेंट राउंड शामिल हैं। विप्रो का रिक्रूटमेंट ड्राइव नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगा। इसी तरह हाइक एजुकेशन में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर आदि के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### 16 तक जमा करें छात्रवृत्ति से संबंधित प्रपत्र

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत जिन छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर एवं शुल्क प्रति पूर्ति के लिए आवेदन किया था, लेकिन विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित नहीं हो पाए थे, उन्हें वर्तमान सत्र 2024-25 में इसके लिए नवीन आवेदन संबंधी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम प्रिंट आउट न निकलने पर नए रजिस्ट्रेशन संबंधित प्रपत्र की प्रति लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति अनुभाग में 16 नवंबर तक जमा करनी होगी। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इसकी सूचना जारी की है। (जासं)

# प्लेसमेंट के लिए आवेदन कल तक

जासं • लखनऊ : लवि के छात्रों के लिए विप्रो और हाइक एजुकेशन कंपनी में प्लेसमेंट का मौका है। इनमें नौ नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। यह जानकारी प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि विप्रो कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेन्टेटिव प्रोफाइल पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए वर्ष 2025 में ग्रेजुएट होने वाले बीसीए, बीबीए, बीकाम, बीए, बीएचएम और बीएससी (गणित आनर्स, सांख्यिकी आनर्स, अर्थशास्त्र आनर्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस, और बीएससी आइटी को छोड़कर) कोर्स के छात्र दिए गए लिंक (https://forms.gle/Ffrmxe8b6xxp2xLC6) पर आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टाक, एचआर स्क्रीनिंग और वायस और एक्सेंट राउंड शामिल हैं। विप्रो का रिक्रूटमेंट ड्राइव नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।

**मिलेगा 7.02 लाख का पैकेज :** हाइक एजुकेशन में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद के लिए बीटेक, एमबीए या एमसीए के छात्र एवं बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव पद के लिए बीबीए, बीकाम और बीसीए के छात्र 7.02 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए दिए गए लिंक पर https://forms.gle/WG6qtfN3zFGLi8Ne6 आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि नौ नवंबर है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# विप्रो व हाइक एजुकेशन कंपनियों में प्लेसमेंट का अवसर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विप्रो और हाइक एजुकेशन कंपनियों में प्लेसमेंट का मौका है।प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेन्टेटिव प्रोफाइल पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए वर्ष 2025 में ग्रेजुएट होने वाले बीसीए, बीबीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम और बीएससी (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी कंप्यूटर साइंस, और बीएससी आईटी को छोड़कर) कोर्स के छात्र दिए गए लिंक पर (https://forms.gle/Ffrmxe8b6xxp2xLC6) पर आवेदन कर सकते हैं।चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, एच आर स्क्रीनिंग और वॉयस और एक्सेंट राउंड शामिल हैं। विप्रो का रिक्रूटमेंट ड्राइव नवंबर के आखरी हफ्ते में आयोजित किया जायेगा। साथ ही हाइक एजुकेशन में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद के लिए बीटेक, एमबीए या एमसीए के छात्र एवं बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव पद के लिए बीबीए, बीकॉम, और बीसीए के छात्र 7.02 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए दिए गए लिंक पर जाकर (https://forms.gle/WG6qtfN3zFGLi8Ne6) आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 नवंबर हैं।